कोटद्वार, शुक्रवार
8 दिसम्बर 2023
वर्ष: 45
अंक: 218 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ

♦मीडिया सेंटर, उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 (कर्टेन रेजर)♦कई देशों के राजदूत, केंद्रीय मंत्री, प्रमुख उद्योगपतियों समेत विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल♦44 हज़ार करोड़ के प्रोजेक्ट्स की होगी ग्राउंडिंग



देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 8 दिसंबर को ह्लउत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023ह्व का शुभारंभ करेंगे। 8 और 9 दिसंबर को फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून में चलने वाले इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश– दुनिया के हज़ार से अधिक इन्वेस्टर और डेलीगेट्स शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 दिसंबर को ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के उद्घाटन सत्र के बाद वापस दिल्ली लौट जाएंगे। उत्तराखंड सरकार द्वारा इस बार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम ह्लपीस टू प्रोस्पेरिटीह्व को रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सभी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। सरकार द्वारा उत्तराखंड को निवेश की नई डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ढाई लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया था। जिसमें निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त उद्योग समूहों के साथ एमओयू साइन किए जाने का कार्य गतिमान है।

### लन्दन, दुबई समेत देश के महानगरों में किये गए रोड शो

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से पहले उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक रोड शो आयोजित किए गए। देश से बाहर लंदन, बर्मिंघम, अबुधाबी, दुबई में 4 इंटरनेशनल रोड शो हो चुके हैं जबकि देशभर में प्रदेश सरकार दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और मुंबई में रोड शो कर चुकी है। बीते 14 सितंबर और 4 अक्टूबर को धामी सरकार दिल्ली में रू0 26575 करोड़, 26 और 27 सितंबर को ब्रिटेन में रू0 12500 करोड़, 17 और 18 अक्टूबर को यूएई में रू0 15475 करोड़ के निवेश का करार कर चुकी है। इसके अलावा 26 अक्टूबर को चेन्नई में रू0 10150 करोड़, 28 अक्टूबर को बेंगलुरु में रू0 4600 करोड़ और 1 नवंबर को अहमदाबाद में रू0 24000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव का करार हुआ है। जबकि 5 नवम्बर को मुंबई रोड शो में रू0 30200 करोड़ रुपए के एमओयू किए गए। इसके साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा देहरादून– हरिद्वार जनपद का हरिद्वार में और नैनीताल– ऊधमसिंह नगर का रुद्रपुर में रिजनल कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी 9 जनपदों में भी ह्लडिस्ट्रिक्ट लेबल मिनी कॉन्क्लेवह्व आयोजित किए गए ताकि प्रदेश के अन्य छोटे– बड़े उद्यमियों को भी निवेश हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। अब तक प्रदेश सरकार द्वारा जिन निवेशकों से इन्वेंस्टमेंट एमओयू साइन किए गए हैं। उनमें प्रमुखत: टूरिज्म हास्पिटैलिटी सेक्टर, आयुष वेलनेस सेक्टर, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, फार्मा सेक्टर, फूड प्रोसेसिंग, रियल एस्टेट–इंफ्रा, पंप्ड स्टोरेज सेक्टर, ग्रीन एंड रिन्यूएबल एनर्जी एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर शामिल हैं।

### 3 केंद्रीय मंत्री, प्रमुख उद्योगपतियों समेत कई विशिष्ट अतिथि होंगे शामिल

इस आयोजन के उद्घाटन सत्र में कई विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने का अनुमान है। जिसमें भारत सरकार के तीन केंद्रीय मंत्रीयों के साथ ही राज्य सरकार के 7 कैबिनेट मंत्री, सभी पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, विधायकगण एवं कई विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में 8 प्रमुख वक्ता के रूप में देश के प्रमुख उद्योगपति शामिल रहेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में 15 महामहिम राजदूत / हैड आफ मिशन–स्पेन, स्लोवानिया, नेपाल, क्यूबा, ग्रीस, आस्ट्रिया, जापान, सऊदी अरब आदि शामिल रहेंगे।



## उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल आर प्रेम राज ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि)से गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल आर प्रेम राज ने शिष्टाचार भेंट की।

भारत की एक और कूटनीतिक जीत

## कतर में मौत की सजा पाए 8 भारतीयों से मिले राजदूत, अब मिलेगी कानूनी मदद



नई दिल्ली। कतर में भारतीय राजदूत ने उन आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों से मुलाकात की, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत पूर्व नौसेना कर्मियों तक सभी कानूनी और राजनयिक पहुंच प्रदान कर रहा है।

**पूर्व नौसेना कर्मियों से भारतीय राजदूत ने की मुलाकात**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपनी साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि हमारे राजदूत ने तीन दिसंबर को जेल में बंद सभी आठों लोगों से मुलाकात की। अरिंदम बागची ने ने कहा कि हम उन सभी को कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस मामले में 30 नवंबर और 23 सितंबर को दो सुनवाई हो चुकी है।

**पीएम मोदी और कतर के शेख के बीच हुई थी मुलाकात**

अरिंदम बागची ने कहा कि आपने प्रधानमंत्री मोदी को सीओपी28 सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद से मुलाकात करते हुए देखा होगा।

## सड़क हादसे में भाजपा के मंडल मंत्री की मौत

हल्द्वानी। ज्योलीकोट के पास बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में भाजपा के मंडल मंत्री की मौत हो गई। गुरुवार सुबह उनका शव खाई में कार के साथ पड़ा मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार मोटाहल्दू पदमपुर देवलिया निवासी सचिन कुमार जोशी (38) पुत्र भुवन जोशी टैक्सी चलाते थे। सचिन को भाजपा के पूर्वी मंडल में मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली हुई थी। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने दोस्त से कार मांगकर टेंडर डालने के लिए बग्वाली पोखर रानीखेत गए थे। शाम करीब 7:30 बजे उन्होंने अपनी पत्नी को फोन कर वापस लौटने की जानकारी दी। उस समय सचिन कैंची धाम से आगे निकल आए थे। जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचे तो पत्नी ने लगातार फोन किए। लेकिन सचिन का फोन स्विच ऑफ आने लगा। परिजनों की सूचना पर सचिन के एक दोस्त में रात में ही ज्योलीकोट तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सुबह करीब सात बजे पुलिस को राहगीरों ने सूचना दी कि एक कार आमपड़ाव के पास खाई में गिरी है। उसमें कोई युवक भी दिखाई दे रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को खाई से निकाला और बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## उत्तराखंड के सांसदों–विधायकों के खिलाफ दर्ज केस की हाईकोर्ट ने मांगी कुंडली

❑दो हफ्ते में सरकार को देना होगा जवाब



नैनीताल। हाई कोर्ट ने प्रदेश के सांसदों व विधायकों पर दर्ज आपराधिक मुकदमों की त्वरित सुनवाई हेतु सवोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों पर स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में सांसदों व विधायकों पर कितने आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, और कितने अभी विचाराधीन है ? इनकी जानकारी दो सप्ताह में कोर्ट को दी जाए।

कोर्ट ने पहले भी सवोच्च न्यायालय की ओर से दिए गए निर्देश पर संज्ञान लिया था लेकिन अभी तक सरकार की ओर से विधायक व सांसदों के खिलाफ विचाराधीन केसों की सूची कोर्ट में उपलब्ध नहीं कराई गई। जिस पर कोर्ट ने सवोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए इस मामले का फिर से संज्ञान लिया।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था आदेश**

सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में सभी राज्यों के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिए थे कि उनके वहां सांसदों व विधायकों के खिलाफ कितने मुकदमे विचाराधीन हैं, उनकी त्वरित सुनवाई कराएं। राज्य सरकारें आईपीसी की धारा 321 का गलत उपयोग कर सांसदों व विधायकों पर दर्ज मुकदमे वापस ले रही है। राज्य सरकारें बिना अनुमति सांसद विधायकों पर दर्ज केस वापस नहीं ले सकती। सुप्रीम कोर्ट ने केसों के शीघ्र निस्तारण को स्पेशल कोर्ट का गठन करने को कहा है।

**दो माह में आरडीसी की बैठक आयोजित करने के निर्देश**

उच्च न्यायालय ने दो महीने के भीतर रिसर्च डिग्री कमेटी (आरडीसी) की बैठक आयोजित करने के कोर्ट के अक्टूबर 2021 के एकल पीठ के आदेश को चुनौती देती उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति की विशेष अपील को खारिज कर दिया। साथ ही कुलपति को दो माह के भीतर आरडीसी करवाने के निर्देश दिए हैं। कुलपति ने तकनीकी विश्वविद्यालय के कुछ अन्य मामलों के संबंध में चल रही सतर्कता जांच का हवाला देते हुए आरडीसी की बैठक आयोजित करने में असमर्थता व्यक्त की थी।

## रेस्क्यू ऑपरेशन में बेहतर कार्य करने वाले 19 पुलिस अधिकारी और कर्मियों को किया सम्मानित



उत्तरकाशी। सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन में बेहतर कार्य करने वाले 19 पुलिस अधिकारी व कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी के नेतृत्व में पुलिस लाइन में मासिक बैठक के दौरान आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में हुई घटना में टनल के अंदर फंसे 41 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकालने में पुलिस की टीम की ओर से बेहतर कार्य किया गया। भविष्य में ऐसे आपदाओं से निपटने के लिए सभी को तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिलक्यारा टनल रेस्क्यू के दौरान पुलिस की ओर से सभी चुनौतियों को बखूबी निभाया गया। चाहे वह कम्युनिकेशन हो या फोर्स मैनेजमेंट हो, लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करना हो, यातायात प्रबंधन हो या फिर वीआईपी मूवमेंट हो, हमारी पुलिस टीम ने सभी पहलूओं पर बहुत अच्छा काम किया। सम्मान पाने वालों में प्रतिसार निरीक्षक जनक सिंह पंवार, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद उनियान, प्रभारी निरीक्षक बडकोट संतोष कुंवर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी दिनेश कुमार, उप निरीक्षक गम्भीर तोमर, उप निरीक्षक दिलमोहन बिष्ट, उप निरीक्षक रणवीर सिंह, उप निरीक्षक हिमानी पंवार, यातायात उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक वाचस्पति सेमवाल, उप निरीक्षक कोमल रावत सहित 19 को सम्मानित किया गया।

## अवैध खनन पर लगाम कसने में सिस्टम फेल, अब हुई 'कंपनी' की एंट्री

हल्द्वानी। अवैध खनन पर लगाम कसने का काम वन विभाग, खान विभाग, वन निगम और पुलिस पर होता है। लेकिन अब अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए कंपनी की एंट्री होगी। नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून जिले में चयनित कंपनी के पास एक तरह से इन सरकारी विभागों की तरह पावर होगी। बीच सड़क गाड़ी रोक रायल्टी और रवन्ना चेक किया जाएगा। अवैध खनन का मामला पकड़ने पर जुर्माना भी ठोका जाएगा। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या खनन के खेल को रोकने में सरकारी सिस्टम फेल हो चुका है? इसीलिए निजी कंपनी को लाया जा रहा है।

**सरकारी तंत्र हो रहा है फेल**

उत्तराखंड के चार मैदानी जिलों में खनन रोजगार राजस्व का बड़ा जरिया है, लेकिन सरकारी तंत्र की लापरवाही के कारण हर साल खनन सत्र में देरी हो रही है। कभी टेंडरों से जुड़े विवाद तो कभी अन्य कारण। जिसका नुकसान वाहनस्वामियों से लेकर सरकार तक को होता है।



# लीलियम का उत्पादन कर मुनाफा कमा रहे काश्तकार

### लीलियम का विपणन कर काश्तकार कर रहे लाखों की आय

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिला योजना मद से चमोली जिले में उद्यान विभाग की ओर से संचालित फूलों की खेती काश्तकारों के लिए मुनाफे का सौदा साबित हो रही है। योजना के संचालन के बाद विभागीय अधिकारियों के साथ ही काश्तकारों में खासा उत्साह बना हुआ है। योजना के अनुसार उद्यान विभाग की ओर से वर्तमान में जिले के 16 प्रगतिशील काश्तकारों के साथ शादी, पार्टी और समारोहों में सजावट के लिए उपयोग आने वाले लीलियम (लिली) के फूलों की व्यावसायिक खेती शुरू की। जिसके परिणाम आने के बाद काश्तकार फूलों के उत्पादन को लाभ का सौदा बता रहे हैं। लीलियम का फूल का उपयोग गुलदस्ते के साथ ही शादी, विवाह, पार्टी और समारोह में भी सजावट के लिए



किया जाता है। जिससे लिलियम के फूल की बाजार में बेहतर मांग है। फूल की एक पंखुड़ी की बाजार में 50 से 100 रुपये तक की कीमत आसानी से मिल जाती है। ऐसे में फूल के बेहतर बाजार को देखते हुए उद्यान विभाग चमोली ने जिला योजना मद से 80 फीसदी सब्सिडी पर लीलियम के 25 हजार ब्लब 16 प्रगतिशील काश्तकारों के 26 पॉली हाउस में लगवाए। जिनसे काश्तकारों ने 23 हजार 500 फूलों की स्टिक बेचकर अच्छी आय प्राप्त की है। ऐसे में अब जिले में अन्य काश्तकार भी लीलियम उत्पाद में दिलचस्पी ले रहे हैं।

चमोली में उत्पादित फूलों के विपणन के लिए जहां पहली बार विभाग की ओर से विपणन की व्यवस्था की गई। वहीं अब काश्तकारों ने विभाग के सहयोग से फूलों के विपणन का चैनल तैयार कर लिया है। काश्तकारों ने बताया कि उनके फूल की मांग गाजीपुर मंडी में बड़े पैमाने पर है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में फूलों की विपणन की समुचित व्यवस्था न होने से फूलों का उत्पादन करने से काश्तकार में शंका रहती थी। लेकिन अब विपणन की व्यवस्था होने के चलते फूलों का उत्पादन लाभप्रद साबित हो रहा है। लिलियम के फूल की बाजार में अच्छी मांग को देखते हुए काश्तकारों को इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं स्थानीय बाजार के साथ ही देहरादून व अन्य स्थानों पर पर काश्तकारों के उत्पाद के विपणन की व्यवस्था की जा रही है। लीलियम के उत्पादन के लिए जम्मू कश्मीर और हिमाचल के साथ ही उत्तराखंड की आबोहवा मुफीद है। जिसे लेकर काश्तकारों की आय को मजबूत करने के लिए 16 काश्तकारों के साथ योजना संचालित की जा रही है।

### क्या कहते हैं काश्तकार

सरतोली गांव के महेंद्र सिंह वर्ष 2019 में दिल्ली में निजी कंपनी की नौकरी छोड़ घर लौटे। जिसके बाद उन्होंने अपने गांव में ग्रामीणों से 200 नाली बंजर भूमि 20 वर्ष के लिए लीज पर लेकर जहां सब्जी का उत्पादन शुरू करने के साथ ही 200 नीबू और 50 कीवी के पौधों का रोपण किया। जिसके बाद उद्यान विभाग की ओर से जिला योजना मद से फ्लोरीकल्चर योजना के तहत लीलियम का उत्पादन शुरू किया। जिससे अब अच्छी आय प्राप्त करने लगे हैं। गोपेश्वर निवासी नीरज भट्ट का कहना है कि चालू वित्तीय वर्ष में उन्होंने गोपेश्वर के समीप रौली-ग्वाड़ में 10 नाली भूमि क्रय और 20 नाली भूमि लीज पर लेकर सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी से पॉलीहाउस स्थापित किया। जिसमें उन्होंने जहां 200 किवी के पौधों का रोपण किया। वहीं 400 वर्ग मीटर में लीलियम का उत्पादन शुरु किया। जिससे वर्तमान तक वह दो लाख की शुद्ध आय प्राप्त कर चुके हैं।

# सीएम धामी ने लिया इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 और 9 दिसंबर को एफआरआई में आयोजित होने वाले डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर आयोजन स्थल पर की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। 08 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे, जबकि गृहमंत्री अमित शाह 9 दिसंबर को समापन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डेस्टिनेशन उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अभी 3 लाख करोड़ के करार किए जा चुके हैं, जबकि 44 हजार करोड़ के करारों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में कार्य करने के लिए निवेशकों द्वारा जो रुचि दिखाई गई है जिससे राज्य की प्रगति में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य में कार्य करने की अनेक संभावनाएं, इन क्षेत्रों को विशेष फोकस किया जा रहा




है। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे करारों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जा रही है, जिसमें स्थानीय स्तर पर लोगों को सबसे अधिक रोजगार मिल सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के तहत जो करार हुए हैं, उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों को भी इसकी नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट में देश और विदेश के बड़े उद्योगपति भाग ले रहे हैं। हेल्थ, वेलनेस, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, ऑटोमोबाइल, फार्मा एवं राज्य की आवश्यकतानुसार विभिन्न सेक्टरों पर फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन निवेशकों से करार हुए हैं, उनको राज्य में निवेश करने के लिए नीतियों का सरलीकरण भी किया गया है।

# उत्तरकाशी में होगा माघ मेले का भव्य आयोजन, तैयारियां शुरू

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी का ऐतिहासिक व पौराणिक माघ मेला का इस बार भी भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजक जिला पंचायत ने माघ मेले को लेकर जरूरी स्तर पर तैयारियां आरंभ कर दी है।

इसको लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण ने जिला पंचायत सदस्यों व रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और मेले से जुड़ी सभी व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी से मकर संक्रांति के पर्व पर शुरू होने वाले माघ मेला (बाडाहाट कू थौलू) की समुचित तैयारी अभी से आरंभ कर दें। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था हेतु मेले परिसर में पुलिस कंट्रोलरूम एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने मेले में प्रवेश-निकासी द्वार अलग से बनाने के निर्देश दिए गए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा जनमानस को न हो। वहीं सिंचाई विभाग को स्नान घाटों की समुचित व्यवस्था करने की निर्देश दिए हैं। बैठक में सीडीओ जय किशन ने मेले के दौरान विद्युत व पानी की निर्विवाद आपूर्ति सुनिश्चित रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बृजेश तिवारी ने बताया कि माघ मेले में स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। संस्कृति के क्षेत्र में उभरते स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा। जोशियाड़ा झील में पर्यटन विभाग द्वारा साहसिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला सभागार में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सकल चंद रावत के निधन पर उनकी स्मृति में जिला पंचायत सभागार कक्ष का नाम बदलकर सकलचंद रावत सभागार रखा गया। (एजेंसी)

### 11 परियोजनाएं राज्य स्तर के लिए चयनित

टिहरी : मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का समझने को लेकर 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य दीपक रतूड़ी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। बाल विज्ञान कांग्रेस में 11 परियोजनाओं का चयन राज्य स्तर के लिए करते हुए परियोजना के लिए छात्रों को पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला समन्वयक बाल विज्ञान कांग्रेस सुनील सिंह असवाल ने सभी अतिथियों का सम्मान बैच अलंकरण कर किया।

### ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू

उत्तरकाशी : राजकीय इंटर कालेज बड़कोट स्थित खेल मैदान में ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ की शुरुआत हो गई है। युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिले की दस न्याय पंचायतें शामिल हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजवीन पंवार ने बतौर मुख्यातिथि कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। खण्ड विकास अधिकारी दिनेश चन्द जोशी और युवा कल्याण जिलाध्यक्ष आजाद डिमरी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल प्रतिभा का मंच मिलना युवाओं के लिए बेहतर है। युवा कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ का आयोजन करना नई प्रतिभाओं को राष्ट्र स्तर तक पहुंचाना है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी लोकेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि 3 दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेल महाकुंभ में दौड़, खो-खो, कबड्डी, चक्का फेंक, गोला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होने हैं। (एजेंसी)

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपेट के संबंध में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दोनों विधानसभाओं के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने रवाना किया। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने वृहस्पतिवार को जिला कार्यालय परिसर रुद्रप्रयाग से मोबाइल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए किया रवाना।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन में सबकी भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम-वीवीपैट के उपयोग के संबंध में जन जागरूकता, डिजिटल आउटरीच और भौतिक आउटरीच को बढ़ावा देने के लिए जनपद की 02 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत मोबाइल प्रदर्शन वेनों के माध्यम से विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रांतर्गत तहसील मुख्यालयों सहित प्रत्येक बूथों में



मास्टर ट्रेनरों की टीमों द्वारा ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन का कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम जनमानस से अपेक्षा की है कि मतदान की प्रक्रिया, ईवीएम और निर्वाचन संबंधी जानकारियों को हासिल करें तथा 01 जनवरी, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे युवाओं से फॉर्म-6 भरकर वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाने, फॉर्म-7 में नामावली से किसी नाम को हटाने तथा वर्तमान नामावली में किसी प्रकार के संशोधन, एक ही निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक बूथ से दूसरे बूथ में या एक विधानसभा से किसी दूसरी विधानसभा में निवास परिवर्तन, फोटो पहचान पत्र बदलना आदि हेतु फार्म-8 में आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार रुद्रप्रयाग राम किशोर ध्यानी, बीके यादव सहित मास्टर ट्रेनर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### झंडी लगाकर मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

टिहरी : सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल योगेन्द्र कुमार ने एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, एसडीएम केके मिश्रा सहित जनपद के तमाम अधिकारी को झंडी लगाकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया।

इस मौके पर एडीएम मिश्रा व एसएसपी भुल्लर ने समस्त जनपदवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही सशस्त्र झंडा दिवस प्रतीक लगाकर सशस्त्र सेनाओं के बहादुर जवानों की शहादत को याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए समर्पित भावना से उनके परिवार के कल्याण के लिए झण्डा दिवस सहयोग राशि जमा करने का आग्रह सभी से किया। सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में झंडा दिवस के अवसर पर झंडा चस्पा करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभागीय कार्मिकों को इसके लिए प्रेरित किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस शहीदों और देश की रक्षा के लिए जान गंवाने वाले जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। सभी देशवासी इस दिन शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं। इस अवसर पर कैप्टन डीएस बागरी, एडीआईओ भजनी भण्डारी सहित अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 318 लोगों ने सीखें आपदा से निपटने के गुर

टिहरी : जनपद के ब्लाक भिलंगना के राजकीय इंटर कालेज मथकुडी सैण में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के कार्मिकों ने आपदा का प्रशिक्षण देते हुए आपदा से निपटने के अहम गुर 318 लोगों को सिखाये। इस दौरान आपदा में सजग रहने की जानकारी देते हुए आपातकालीन नंबरों का समय पर उपयोग करने की हिदायत दी गई

आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग की मदद से दिया जा रहा है। ताकि आपदा में लोग बेहतर बचाव कर सकें। इसी क्रम में गुरूवार को जीआईसी मथकुडी सैण में आपदा प्रबंधन विभाग ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सहित 318 लोगों को आपदा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन-जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दीं गईं। जिनमें आपदा, आपदा के प्रकार भूकम्प, भूस्खलन, त्वरित बाढ़, वनाग्नि सहित आपदा पूर्व-दौरान-पश्चात की जानकारी दी गई।

# एक्कड़ कलां में लोगों की समस्या सुनने पहुंचे अधिकारी

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के एक्कड़ कलां में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों ने बताया कि सभी पंचायतों में शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा। गुरुवार को शिविर में वनप्रभाग की ओर से उप प्रभागीय वनाधिकारी संदीपा शर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। सबसे अधिक समस्या राशनकार्ड, शौचालय, पेंशन, आधार कार्ड, पहचान पत्र नहीं बनना इसके अलावा आवास योजना का लाभ नहीं मिलना जैसी समस्या आई। संदीपा शर्मा ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 से अधिक आवेदन मिले थे, जिनका निपटारा करने के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। आपकी सरकार आपके द्वार के अंतर्गत सभी पंचायत में शिविर लगाकर लोगों से



आवेदन लिए जाएंगे। उनकी समस्याओं का निराकरण होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आवेदनों पर होने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### 21 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने दिया धरना

उत्तरकाशी : उत्तरांचल फैडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जनपद उत्तरकाशी से जुड़े अधिकारी/कर्मचारियों ने अपनी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर लदाड़ी विकास भवन में एक दिवसीय धरना दिया। साथ ही डीएम के माध्यम से शासन को भी उचित कार्रवाई के लिए ज्ञापन प्रेषित किया। फैडरेशन कर्मचारियों ने लदाड़ी में धरना देते हुए कहा वे लंबे समय से अपनी 21 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन शासन प्रशासन की ओर से उनकी उपेक्षा की जा रही है। अधिकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर पदोन्नति हेतु पात्रता अवधि 25 वर्ष के स्थान पर 22 वर्ष करने तथा पदोन्नति में पात्रता हेतु शिथिलीकरण की सुविधा फिर से निरंतर बहाल करने की मांग सहित विभिन्न मांगों पर कार्यवाही की मांग करते आ रहे हैं। पहले भी उनकी मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन आज तक शासनादेश जारी नहीं हुआ। जिसके चलते अधिकारी कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पिछले लंबे समय से कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। इसी क्रम में यह एक दिवसीय धरना कार्यक्रम भी किया गया। धरने पर अध्यक्ष अजय सिंह रावत, जय प्रकाश गौड़, शंभू प्रसाद भट्ट, रेवती, मोहित चौधरी, प्रभात सिंह, हरदेव रावत आदि थे। (एजेंसी)

# आक्रोशित मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने कलक्ट्रेट में दिया धरना

टिहरी : 21 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन से जुड़े कर्मियों ने कलक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देते हुए प्रशासन के माध्मय से सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों पर त्वरित कार्यवाही मांग की। मांगों पर सहमति के बाद भी कार्यवाही न होने पर मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने भारी रोष जाहिर किया।गुरुवार को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों से 21 सूत्रीय मांगों को लेकर मिनिस्ट्रीय कर्मी मुख्यायल पर जुटे। मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने कलक्ट्रेट में एकत्र होकर धरना देते हुए अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वादा खिलाफी का आरोप लगाया। इस मौके पर कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अपर मुख्य सचिव व मुख्य सचिव स्तर पर मांगों पर सहमति बनने के बाद भी शासनादेश जारी नहीं किये जा रहे हैं। जिससे मांगों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। अगर प्रदेश सरकार उनकी मांगों पर जल्दी ही गौर नहीं करती है, तो एसोसियेशन आंदोलन की रणनीति तेज करेगा। जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। मौके पर एसोसियेशन के एसोसियेशन के प्रांतीय संरक्षक टीएस पुंडीर, जिलाध्यक्ष राकेश भट्ट, सचिव उत्तम सिंह नेगी, प्रदीप, राजीव नेगी, नारायण सिंह रावत, मनोज भट्ट, राजेंद्र सिंह नकोटी, चंद्रेश्वर नारायण, भगत सिंह राणा, सुनीता चौहान, मनमोहन पडियाल, हरी काला, बालक राम उनियाल, त्रिभुवन सिंह कंडियाल, वेद प्रकाश, रविंद्र चौहान, सुशीला भट्ट, ममता उनियाल, सावित्री सिंघल,अनिल नेगी, सुमन शर्मा, अनिल वर्मा, श्रवण कुमार यादव, अश्वनी कुमार बहुगुणा, राजेश राणा, मनजीत रौतेला, करण राणा, बबीता लाल, सीमा भटनागर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मुख्यमंत्री सीएम धामी ने किया आवास परिसर में ट्यूलिप की 17 प्रजातियों का रोपण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सपत्नीक गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में ट्यूलिप की 17 प्रजातियों के 4000 बल्ब के रोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। पिछले वर्ष सीएम आवास परिसर में ट्यूलिप की 4 प्रजातियों के 400 बल्ब रोपित किए गए थे। मुख्यमंत्री आवास में इस वर्ष ब्लैक-पर्पल बाईकलर प्रजाति के ट्यूलिप आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। मुख्यमंत्री ने ट्यूलिप बागवानी के बारे में उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित से जानकारी ली तथा आगामी वर्षों में इसके व्यवसायिक उत्पादन की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री द्वारा इस अवसर पर



परिसर में विभिन्न औद्यानिक कार्यों का भी निरीक्षण कर सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मौनपालन के कार्यों के साथ-साथ विभिन्न प्रजाति के पुष्पों का अवलोकन कर ऐसे प्रयासों की सराहना की।

### जूनियर बालक राज्य स्तरीय कब्बड्डी 9 से

टिहरी : उत्तराखंड कब्बड्डी एसोसिएशन के निर्देशन में जिला कबड्डी संघ टिहरी गढ़वाल द्वारा दो दिवसीय जूनियर बालक राज्य स्तरीय कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सरदार भगवान सिंह अटल आदर्श इंटर कॉलेज टटोर नैनबाग में आगामी 9 व 10 दिसंबर को किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला कबड्डी एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष यशपाल रावत व कोषाध्यक्ष कमन नयन रतूड़ी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के समस्त 13 जिलों से जूनियर बालकों की टीम प्रतिभा करेंगी। राज्य स्तर से चयनित टीम राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला टिहरी गढ़वाल एवं अन्य समस्त जिलों में विगत माह ट्रायल कैंप आयोजित कर विभिन्न जिलों की बालक-बालिकाओं की टीमों का चयन किया गया था। अब चयनित खिलाड़ी 9 और 10 दिसंबर को नैनबाग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखायेंगे।

# संकल्प यात्रा के माध्यम से दी केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : थराली के मालबज्वाड व ढालू, नारायणबगड के मरोडा एवं खैनोली, कर्णप्रयाग के ओल्याग्वाड व सिलंगी, पोखरी के श्रीगढ व पाटीजखमाला, नन्दानगर के भेंटी व भटयाणा, दशोली के मासों व देवरकनेरी तथा जोशीमठ के बड़गांव में संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत, हर घर जल एवं पीएम पोषण सहित मुख्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं के छूटे हुए लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों



को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी गयी।

# शांतिकुंज में चल रहे त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का समापन

हरिद्वार। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का आज समापन हो गया। हरिद्वार, देहरादून सहित उत्तराखण्ड के सभी तेरह जिलों के चयनित कक्षा 9 से 12 तक के 248 विद्यार्थियों ने दस विधाओं में अपना हुनर दिखाया। समापन सत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ये विजयी विद्यार्थी आगामी जनवरी माह में होने वाले राष्ट्रीय कला उत्सव में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीन दिन चले इस उत्सव में अल्मोडा के 17, बागेश्वर के 19, चमोली के 21, चंपावत के 17, देहरादून के 20, हरिद्वार के 23, नैनीताल के 16, पौड़ी गढ़वाल के 23, पिथौरागढ़ के 21, रुद्रप्रयाग के 11, टिहरी गढ़वाल के 17, उधमसिंह नगर के 21 और उत्तरकाशी के 22 छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय संगीत (गायन), पारंपरिक लोकगीत (गायन), वादन, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, एकल अभिनय, दृश्य कला (द्विआयामी), दृश्य कला (त्रिआयामी) और स्थानीय खिलौने एवं खेल की श्रेणी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें गीतांजलि जोशी-अल्मोड़ा, वंदना कौशल-बागेश्वर, दिव्यांशु-चमोली, ध्रुव वर्मा-देहरादून, जयेन्द्र-हरिद्वार, आरोही पंत-नैनीताल, प्रखर जोशी-नैनीताल, भावेश पाण्डेय-



नैनीताल, चांदनी-पौड़ी गढ़वाल, हेमा चक्रवर्ती-पौड़ी गढ़वाल, पवन कुमार-उधमसिंह नगर आदि ने अपनी अपनी विधा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अव्वल रहे, तो वहीं खुशी हातेली, अर्जुन, मनीषा भट्ट, आदित्य गिरि, सुमित बिष्ट, समीर तिवारी, प्रियल जोशी, योगेश्वरी, दिव्यांशु त्रिपाठी, आंचल, अमित सैनी आदि को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

कई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच काँटे की टक्कर रही और निर्णायकों को काफी मेहनत करनी पड़ी। उत्सव में नैनीताल की सेंट थेरेसा काठगोदाम हल्द्वानी की कु. दीपिका काण्डपाल ने कर्नाटक की नृत्य प्रस्तुति यक्षगान से सभी को रोमांचित किया। दिव्यांशु त्रिपाठी ने तबला वादन एवं प्रखर जोशी ने बांसुरी में राग पुरिया में एक ताल एवं तीन ताल में गत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। हर्षिता जोशी ने शास्त्रीय गायन, सुयश सति- कुमांऊनी लोकगीत, भावेश पाण्डेय-शास्त्रीय गायन, अवनि धपोला- कत्थक नृत्य आदि की प्रस्तुती ने खूब तालियाँ बटोरी।

सहायक राज्य परियोजना निदेशक उत्तराखण्ड श्री प्रद्युम्न रावत ने बताया कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य उत्तराखण्ड के विद्यार्थियों में लोक उत्सवों के प्रति रुझान पैदा करना एवं उसका संवर्द्धन करना है।

## संपादकीय

# आज का सामाजिक सच

ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित–आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। तीन हिंदी भाषी राज्यों के चुनाव नतीजों से साफ है कि जातीय अस्मिता को अपनी चुनावी रणनीति का आधार बनाने की कांग्रेस की रणनीति उसे बहुत महंगी पड़ी। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि यह रणनीति आज की सामाजिक हकीकत की नासमझी पर आधारित है। इसमें इस समझ का अभाव है कि 1990 के दशक में हुआ ओबीसी अस्मिता का उभार अब गुजरे जमाने की बात हो चुका है। इस बीच खुद ओबीसी के अंदर विभिन्न जातीय अंतर्विरोध तीखा रूप ले चुके हैं। दूसरी तरफ ओबीसी अस्मिता का दलित–आदिवासी समूहों के साथ टकराव खड़ा हुआ है। निहितार्थ यह कि अब ओबीसी गोलबंदी की बात करने पर टकराव सिर्फ सवर्ण जातियों से नहीं उभरता, बल्कि "बहुजन" की जो धारणा एक समय पेश की गई थी, उसमें शामिल कई अन्य समूहों के साथ भी अंतर्विरोध खड़ा हो जाता है। छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजों के सामने आ रहे विश्लेषणों से ये तमाम बातें पुष्ट होती हैं। जातीय जनगणना पर जोर देते हुए ओबीसी गोलबंदी की कांग्रेस की रणनीति ने आदिवासी समुदायों को उसके खिलाफ खड़ा कर दिया। वहीं ओबीसी के अंदर चूंकि मुख्यमंत्री कुर्मी समुदाय से आते थे, तो साहू समुदाय के लोगों ने अपने को उपेक्षित महसूस किया। कहा जा रहा है कि आदिवासियों के साथ–साथ इस समुदाय के अधिकांश वोट भी भाजपा को चले गए। ऐसा देश के दूसरे राज्यों में भी देखने को मिला है। तो निष्कर्ष स्पष्ट है। जब ओबीसी या दलित की सामूहिक राजनीतिक अस्मिता ही कमजोर हो चुकी है, तो अन्य उत्पीड़ित अस्मिताओं के साथ मिलकर सवर्ण विरोधी एक बड़ी राजनीतिक अस्मिता बना पाने का अब कोई आधार नहीं बचता। इसके बावजूद कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों का ऐसी गोलबंदी से उम्मीद जोड़े रखना यही बताता है कि जमीन से उनका संबंध टूट चुका है। उनकी ये अल्पदृष्टि इन समुदायों को बड़ी हिंदू पहचान के अंदर समेटने की भाजपा की कोशिश में सहायक बनी है। अपनी इसी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वे सिर्फ चार जातियों– किसान, मजदूर, महिला और गरीब– को जानते हैं। मतलब यह कि अब भाजपा की रणनीति वर्गीय पहचान को भी हिंदुत्व के अंदर समाहित करने की है।

# भुलाया नहीं जा सकता जनरल बिपिन रावत का योगदान



### प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्य तिथि पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : प्रथम सीडिएस जनरल बिपिन रावत की पुण्य स्मृति पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर व गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेना की मजबूती के लिए दिया गया जनरल बिपिन रावत का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुरुवार को नगर निगम प्रेक्षागृह में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लेफ्टिनेंट (सेनि) जनरल जयवीर सिंह नेगी ने सीडीएस बिपिन रावत की जीवनी पर प्रकाश डाला। जनरल विपिन रावत की चाची गायत्री देवी ने अपने भतीजे को याद किया और अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि देवभूमि विकास संस्थान द्वारा पूरे उत्तराखंड में जनरल बिपिन रावत की स्मृतियों और उनके संदेशों को पहुंचा जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि सभी लोग अपने अंगदान करने का संकल्प लेते हैं तो सैकड़ो लाखों लोगों की जान बच सकती है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने अपने साथ जनरल रावत की हुई मुलाकातों का जिक्र किया और बताया कि किस प्रकार से जनरल रावत उत्तराखंड के समस्त लोगों के प्रति समर्पण का भाव रखते थे। कार्यक्रम में डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, लैंसडाउन विधायक महंत दिलीप रावत, देहरादून के मेयर सुनील गामा, मंडी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, शैलेंद्र बिष्ट गढ़वाली, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत और विजय लखेड़ा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### पचास यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार में रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पचास यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

साथ ही 154 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ। शिविर में विशेषज्ञ डाक्टों की टीम ने त्वचा, स्त्री रोग, हड्डी रोग, ह्रदय रोग, सामान्य बीमारी के लोगों का परीक्षण किया। शिविर में लोगों को रक्तदान के प्रति भी जागरूक किया गया।

# डूबी रकम पाने के लिए भटक रहे पीड़ित परिवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के सदस्यों ने अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून (बड्स एक्ट) 2019 के तहत उनकी डूबी हुई रकम वापस दिलवाने की मांग की है। कहा कि लाख शिकायतों के बाद भी अब तक उनकी रकम वापस नहीं मिल पाई है।

समस्या के संबंध में पीड़ितों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि भारत सरकार व राज्य सरकार ने देश के प्रत्येक ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की ठग कंपनियों व सोसाइटियों में डूब चुकी रकम को 180 दिनों के भीतर वापस दिलाने के लिए बड्स एक्ट 2019 लागू किया है। इसके तहत जिलाधिकारियों को भुगतान अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। कहा कि पौड़ी जिले में सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारी उक्त कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। नतीजा, पीड़ितों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। जबकि, पूर्व में पीड़ित कई बार प्रदर्शन भी कर चुक हैं। रकम नहीं मिलने से पीड़ितों में रोष बना हुआ है। इस मौके पर संगठन के प्रदेश संयोजक सुखदेव सिंह शास्त्री, मदनलाल आजाद, कल्पना रावत, रीता रावत, लक्ष्मी बिष्ट, गजे सिंह रावत, रीना आर्य, इंदु बिष्ट, नीमा भंडारी, विजय लक्ष्मी, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिला परिषद मार्केट से हटाया जाए अतिक्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला परिषद मार्केट व्यापारी समिति ने मार्केट में अन्य दुकानदारों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि इससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।इस संबध में जिला परिषद पौड़ी के अपर मुख्य अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में समिति से जुड़े व्यापारियों ने कहा है कि वे जिला परिषद की दुकानों के नियमित दुकानदार हैं। वर्तमान में अधिकतर दुकानदारों ने दुकानों के बरामदों के अतिरिक्त दुकानों के सामने भी 8 से 9 फुट ऊंचा सामान लगा रखा है। इससे उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इन दुकानदारों के खिलाफ परिषद के कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर जिला परिषद की ओर से दुकानों का किराया लगातार बढ़ाया जा रहा है। इस कारण उनके समक्ष कई कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं। ज्ञापन में समिति ने अपर मुख्य अधिकारी से इस संबध में अविलंब कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में समिति अध्यक्ष कुंदनलाल भाटिया, उपाध्यक्ष चंद्रमोहन रावत, सचिव प्रियव्रत रावत, सह सचिव आसिम अली और कोषाध्यक्ष राजकुमार भोला आदि शामिल थे।

# बनारस व मुंबई के लिए चलाई जाएं ट्रेन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नागरिक मंच ने कोटद्वार से बनारस व मुंबई के लिए भी सीधी रेल सेवा आरंभ करने की मांग की है। इसके साथ ही कोटद्वार से चलने वाली रेल सेवा को जयपुर तक विस्तार देने की मांग भी की है।

इस संबध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को प्रेषित ज्ञापन में मंच के महासचिव अतुल भट्ट ने कहा है कि कोटद्वार गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में लोग मुंबई, जयपुर व देहरादून आदि शहरों में जाते हैं, लेकिन रेल सुविधा न होने के कारण उन्हें बसों में महंगे किराये पर यात्रा करनी पड़ती है।

इसलिए कोटद्वार से मुंबई, बनारस व जयपुर के लिए रेल सेवा आरंभ की जानी चाहिए। साथ ही कोटद्वार से दिल्ली के लिए चलने वाली सिद्धबली एक्सप्रैस रेलगाड़ी की स्पीड को भी बढ़ाया जाना चाहिए। इससे यात्री जल्दी दिल्ली पहुंच सकेंगे।

### पत्नी के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सतपुली थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत सतपुली निवासी भारती देवी ने मामले में पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मंगलवार की रात उसके पति मनोज कुकरेती ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके सिर पर गंभीर चोट आई हैं। वह पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है। सतपुली थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने बताया कि महिला की तहरीर पर मनोज कुकरेती के खिलाफ मारपीट, गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# छात्र छात्राओं ने सीखे लिंक्डइन में प्रोफाइल बनाने के गुर

### आईएचएमएस में आयोजित की गई डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से लिंक्डइन प्राफाइल मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ ने छात्र-छात्राओं को लिंक्डइन माध्यम से सुनहरा भविष्य बनाने के गुर सिखाए।

बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में मैनेजमेंट विभाग की ओर आयोजित कार्यशाला का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान में अन्य क्षेत्रों की तरह प्रोफाइल बनाने के तौर तरीके भी बदल रहे हैं। छात्र-छात्राओं को भी इन आधुनिक तरीकों को सीखना चाहिए। इस अवसर पर सीम्स फाउंडेशन के चीफ बिजनेस ऑफीसर अतुल कुमार गर्ग ने बीबीए, बीसीए, बीएचएम और बीएससी आईटी के करीब 220 छात्र-छात्राओं को लिंक्डइन में आकर्षक प्रोफाइल बनाने के तरीके के साथ लिंकडिन के माध्यम से आधुनिक कोर्स करने की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कोर्स खरीदने के लिए एक हजार से नौ हजार रुपये के वाउचर भी दिए। उन्होंने बताया कि लिंक्डइन के माध्यम से छात्र उनके द्वारा किए गए कोर्स और अपनी उपलब्धि को बता सकते हैं। जो कि उनके भविष्य के लिए बेहतर होता है। कहा कि वर्तमान में मल्टीनेशनल कंपनियां अपने लिए लिंक्डइन में ही कर्मचारी ढूंढ रहे हैं। प्रोफाइल देख कर ही कंपनियां युवाओं को साक्षात्कार के लिए अमंत्रित करती हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लिंक्डइन पर आकर्षक प्राफाइल बनाने के गुर सिखाए। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनि शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक ममता, सुरेंद्र सिंह जगवान, प्रदीप भट्ट, सुबोध केष्टवाल समेत विभाग के सभी शिक्षक मौजूद रहे।



कोटद्वार में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ

# आक्रोशित कर्मचारियों ने दिया धरना, सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने डीएम कार्यालय के बाहर 21 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना देकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर जल्द ही समस्याओं के निराकरण की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि जल्द ही मांगे हल नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।गुरुवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अपर मुख्य सचिव व मुख्य सचिव स्तर पर मांगों पर सहमति बनने के बाद भी शासनादेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। कर्मचारियों ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के वर्तमान कुल स्वीकृत 6 प्रतिशत पदों में से 3 प्रतिशत पदों को उच्चीकृत कर उपनिदेशक प्रशासक, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी समूह ख के राजपत्रित पद का गजट नोटिफिकेशन करने सहित 21 सूत्रीय मांगों को जल्द हल करने की मांग उठाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रेवती नंदन डंगवाल, महामंत्री संजय नेगी, मंडलीय अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल, दीपक नेगी, निर्मला थापा, कविता, सुभाषचंद्र चमोली, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप सिंह नेगी, राहुल, दिगंबर रावत, भारती सेमवाल, कामिनी रावत, कपित, सुधीर, सूरज पाल, राजेंद्र आदि शामिल थे।

### राजनैतिक संगठनों ने किया विरोध

देहरादून। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम के अभियान का सीपीआई, सीपीएम, सीपीआई(माले), सपा, सीआईटीयू, एटक, उत्तराखंड पीपुल्स फ्रंट, नेताजी संघर्ष समिति, उत्तराखंड आंदोलनकारी परिषद, जनवादी महिला समिति, एसएफआई, एआईएलयू, किसान सभा, चेतना आंदोलन आदि ने विरोध किया है। संगठनों ने कहा कि अभियान की आड़ में गरीब ठेलीवालों, रेड़ी पटरी वालों का शोषण किया जा रहा है। उनका व्यवसाय चौपट हो रहा है।

# पौड़ी ने जीता राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : खेल विभाग के तत्वावधान में चल रही ओपन बालकों की राज्य स्तरीय आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता पौड़ी ने अपने नाम कर ली है। पौड़ी ने फाइनल मैच में चंपावत की टीम को 4-2 से पराजित किया। विधायक राजकुमार पोरी ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कंडोलिया मैदान पौड़ी में चल रही प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला सेमीफाइनल मैच देहरादून हॉस्टल व चंपावत के बीच खेला गया। चंपावत ने देहरादून हॉस्टल को 2-1 से हराकर मैच अपने नाम करते हुए फाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच पौड़ी व देहरादून के बीच हुआ। जिसमें पौड़ी की टीम ने एकतरफा मुकाबले में देहरादून को 5-0 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पौड़ी ने चंपावत को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रभारी जिला क्रीडा अधिकारी अनूप बिष्ट, निर्णायक रविंद्र भंडारी, दीपक चंद्र जोशी, सत्यदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह शाह, चंद्रमोहन उनियाल, सुनील सिंह रावत, योगेश कुमार, आशीष कुमार, विनोद कुकरेती आदि शामिल रहे।

# आईएमए की कमांडेट परेड में 343 युवा अफसरों ने दिखाया जोश

देहरादून। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में एक साल का कड़ा प्रशिक्षण लेकर 343 युवा देश की सुरक्षा को तैयार हैं। शनिवार नौ दिसंबर को अकादमी में मुख्य परेड के बाद अंतिम पग पार कर अलग–अलग राज्यों के ये युवा बतौर अधिकारी थलसेना की अलग–अलग कोर में जुड़ जाएंगे।

इसके अलावा 12 मित्र देशों के 29 जेंटलमैन कैडेट भी पास आउट होंगे। देश–विदेश के कुल 372 जेंटलमैन कैडेटों ने गुरुवार सुबह को कमांडेंट परेड (फुल ड्रेस रिहर्सल परेड) में शिरकत कर शानदार कदमताल की। अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग के सामने ड्रिल स्क्वायर पर पासिंग आउट बैच के इन जेंटलमैन कैडेटों ने आईएमए गीत की धुन पर कदमताल करते हुए अपने प्रशिक्षण का परिचय दिया। इस दौरान समादेशक ले. जनरल वीके मिश्रा ने रिहर्सल के तौर पर बतौर निरीक्षण अधिकारी परेड का निरीक्षण कर पासिंग आउट बैच के जेंटलमैन कैडेटों से सलामी ली। करीब दो घंटे तक आयोजित हुई कमांडेंट परेड में जेंटलमैन कैडेटों ने चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर कदमताल करते हुए दर्शक दीर्घा में बैठे सैन्य अधिकारियों, प्रशिक्षकों व जूनियर कैडेटों को गदगद किया। इस अवसर पर समादेशक ने सैन्य प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जेंटलमैन कैडेटों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। जेंटलमैन कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बतौर सैन्य अधिकारी सेना में शामिल होने जा रहे कैडेटों को सैन्य परंपराओं का निवर्हन कर आगे बढ़ना होगा। कहा कि सेना की प्रतिष्ठा अब उनके कंधो पर होगी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**नीलामी सूचना**

सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के अधीन मुरादाबाद जनहित के लिए नये कपूर कम्पनी पुल को बनाने में बाधक 28 नग पेड़ों की नीलामी सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के कार्यालय में की जायेगी नीलामी के इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित करता हैं कि वे नीलामी में भाग लें। **नीलामी स्थानः– सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे मुरादाबाद के अधीन दिनांक– 27.12.2023 को समय प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जायेगी।** 3. प्रत्येक क्रेता को नीलामी के दिन सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के कार्यालय में रुपये 100/– केवल नकद जमा करने होंगे जो वापस नहीं किए जाएंगे तथा भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में रुपये 8000/– के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। 2. प्रत्येक क्रेता को जो नीलामी में भाग ले रहा है उसे नीलामी के द्वारा बिक्री से सम्बन्धित नियमों एवं भत्तों की जानकारी रखनी होगी। 3. सफल खरीददार को उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक मुरादाबाद के पक्ष में निम्नलिखित दर से डिमाण्ड ड्राफ्ट नगद स्टेशन अर्निग में जमा करना होगा। क– रु0 1,00,000/– से अधिक की खरीद पर बिक्री मूल्य का 10 प्रतिशत एवं कम से कम रु0 25,000/– **(जो भी अधिकतम हो)** ख– नीलामी की कीमत का बाकी पैसा 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** ग– जी.एस.टी@18% कुल कीमत पर देय होगा जी कि 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** 4. पैसे जमा करने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर कार्य सम्पूर्ण करना होगा। **(नीलामी के दिन को जोड़कर)** 5. रेलवे को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय कार्य को बन्द कर सकती है। ऐसी परिस्थिति में बची हुयी राशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी। 6. पेड़ो का सम्पूर्ण विवरण लोकेशन सहित मण्डल कार्यालय मुरादाबाद में उपलब्ध रहेगा। 7. खरीददार पेड़ो की लोकेशन को ध्यान में रखते हुए रेट बोलें। 8. माल की सूपूर्दगी एवं डिलीवरी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य, आर0पी0एफ0 एवं आई0एस0ए0 की उपस्थिति में की जाएगी। 9. बाकि रकम 10 दिन के अन्दर जमा करनी होगी (नीलामी के दिन को जोड़कर) अन्यथा पहली रकम जो जमा की गई है वो जब्त हो जाएगी। 10. खरीददार रेलवे की जमीन पर कोई कच्ची या पक्की छोपड़ी इत्यादि नहीं बना सकता। 11. बोली बेस प्राइस से नीचे नहीं लगायी जाएगी। 12. डिमाण्ड ड्राफ्ट सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे मुरादाबाद में नीलामी के दिन प्रात 9:00 बजे से 10:30 तक जमा किए जायेंगे बाद में कोई डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा। **No.S/WA/Store/tree/MB/23-24**

**दिनांकः– 06.12.2023** 3843/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राज्यपाल ने किया गजियावाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर के ग्राम गजियावाला में ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया एवं ग्राम्य विकास विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।



इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और उन्हें जागरूक करने के साथ–साथ अधिक से अधिक व्यक्तियों को लाभांवित करना है। यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुँच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस के दिन इस आईसी वैन को देहरादून जनपद हेतु रवाना किया था और आज जमीन पर इस यात्रा की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर उन्हें सुखद अनुभूति हो रही है।

राज्यपाल ने कहा कि विकास की दृष्टि से वर्तमान परिदृश्य बदल चुका है, आज के समय में योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन अंत्योदय के सिद्धांत को ध्यान में रखकर किया जाता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा समस्त देश में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और उन्हें योजनाओं के संबंध में जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे और वे लाभान्वित हों।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अमृत काल में जिन चार स्तंभों–नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और मध्यम वर्ग का जिक्र किया गया वह विकसित भारत, विश्व गुरु भारत और आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं उत्तराखण्ड की मातृशक्ति की जिजीविषा को अनुभव किया है।

### 100 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का पूछा हाल चाल

देहरादून। संयुक्त नागरिक संगठन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को दून अस्पताल के यूरोलॉजी विभाग में गहन चिकित्सा के लिए भर्ती उत्तरकाशी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रिका लाल के स्वास्थ्य का हाल चाल लिया। 100 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रिका लाल के बेहतर इलाज के लिए सरकार से मदद की अपील की। संगठन सचिव प्रदीप कुकरेती ने कहा कि आजादी के योद्धाओं को जीवंत देखना और इनसे देशप्रेम की प्रेरणा लेना सभी का सौभाग्य है। देश के लिए दिए गए इनके बलिदानों की प्रतिपूर्ति हम कभी भी नहीं कर सकते।






## जनाधिकार मंच ने उठाई शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जनाधिकार मंच ने शहर की यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग की है। कहा कि बदहाल व्यवस्थाओं के कारण आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

समस्याओं के संबंध में संस्था के अध्यक्ष आशाराम ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। बताया कि राज्य गठन के बाद भी कोटद्वार शहर का बेहतर विकास नहीं हो पाया है। हालत यह है कि शहर में महिला शौचालय तक नहीं है। पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर वाहन खड़ा करना मजबूरी बन गई है। जिससे यातायात व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। सड़कों पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। आमपड़ाव व जौनपुर में लगी स्ट्रीट लाइट पूरे दिन जलती रहती है। गोखले मार्ग में अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

## विद्यार्थियों को बांटे कम्बल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत डू समथिंग सोसायटी द्वारा महाविद्यालय के 20 निर्धन छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव लोकमणिपुर सिगड्डी के 30 अत्यंत निर्धन परिवारों को कम्बल वितरित किए गये। कार्यक्रम का प्रारम्भ शौर्य दीवार पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय व डू समथिंग सोसायटी की ओर से सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत यह कार्य किया जा रहा है। सोसायटी संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने कहा कि सोसायटी सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका अदा कर रही है जो भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्नत भारत अभियान की संयोजक डा. गीता रावत शाह ने केन्द्र सरकार के उन्नत भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय सेवित गांव के ग्रामीणों सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दो वन तस्करों को जेल भेजा

चमोली : नन्दा देवी नेशनल पार्क जोशीमठ की टीम ने दो वन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रैंज अधिकारी गौरव नेगी ने बताया कि वन विभाग की टीम ने सुराईठोटा के आरक्षित वन क्षेत्र से दो तस्करों को मय वन जीव अंग के गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मदन बहादुर उम्र 38 पुत्र रण बहादुर निवासी कर्नाली नेपाल एवं चन्द्र प्रकाश उम्र 30 पुत्र कल्याण सिंह निवासी देवग्राम जोशीमठ को राज्य पशु कस्तुरी मृग के दांत, ए किलो मांस, कुछ फंदे के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि दोनो मुजजिमां को न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। बताया कि मुजजिमों को गिरफ्तार करने वाली वन विभाग की टीम में वन दरोगा कुलदीप नेगी, वन आरक्षी देवेन्द्र बनवाल, वन आरक्षी सुशीला देवी शामिल थे। (एजेंसी)

## युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रेरित करें

टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी की एनएसएस इकाई के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. सत्येंद्र ढोंडियाल ने छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म 6 वितरित किये। कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी छात्र अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में जोड़े। उन्होंने छात्रों को मतदाता हेल्पलाइन ऐप के बारे में जानकारी भी दी। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. पुष्पा नेगी ने कहा छात्र-छात्राएं अपना नाम जरूर मतदाता सूची में जोड़ने के साथ अपने आसपास के युवाओं को भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रेरित करें।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com